तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024

10 होटल, ढाबों और अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई, 38 गिरफ्तार



11 स्कूल व आसपास के क्षेत्र में किया पौधारोपण





# क्षेत्र के निजी स्कूलों में पुस्तक, कापी और ड्रेस के नाम पर लूट

अभिषेक मिश्रा ▶▶| भाटापारा

नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कई निजी विद्यालयों में कापी-किताब तथा स्कूली ड्रेस के नाम पर जारी गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शासन के निर्देशानुसार सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पढ़ाई की जानी है। किताबों से ही इस निर्देश को ताक पर रख कई निजी स्कूल प्राइवेट प्रकाशकों की किताबों को खरीदने के लिए पालकों पर दबाव बना रहे हैंइससे पालकों को कापी-किताबों में ही दो-ढाई गुना अधिक राशि खर्च करना पड़ रही है। नए शिक्षण सत्र के साथ ही प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले पालकों की परेशानी बढ़ गई है। नए शिक्षण सत्र के साथ प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले पालकों ने ने बताया कि कई प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलायी जा रही है, किताबें खरीदवाई जा रही है, जबकि शासन से स्पष्ट निर्देश है एनसीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाई की जानी है। एक प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले पालक ने बताया कि अधिकांश परिजन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाते हैं। लेकिन प्राइवेट स्कूलों की इस मनमानी का विरोध नहीं कर पा रहे हैं। कुछ पालकों के अनुसार इस मामले की जानकारी शिक्षा विभाग को होने के बावजूद इस बारे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## एनसीईआरटी को नजरांदाज करने से प्राइवेट पुस्तकें खरीदने पालकगण हो रहे मजबूर

### पांच गुनी महंगी हैं प्राइवेट कीताबें

एनसीईआरटी की किताबों से निजी प्रकाशकों की किताबें पांच गुना महंगी है। यही नहीं हर साल किताबों को बदल दिया जाता है। ऐसे में पुरानी पुस्तकों को पालकों को रद्दी में बेचना पड़ता हैभाटापारा विकासखण्ड के शिक्षा विभाग का सख्त निर्देश हैं कि अधिक कीमत पर पुस्तक, कॉपी, ड्रेस आदि विक्रय करना प्रतिबंधित है।



### पालकों की शिकायत पर होगी उचित कार्रवाई : बीईओ

इस विषय में भाटापारा ब्लाक शिक्षा अधिकारी से चर्चा करने पर पता चला कि कुछ परिजनों ने इस विषय की मौखिक शिकायत की थी, परंतु उनके कहने से कोई लिखित शिकायत नहीं की गई। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि अगर कोई व्यक्ति इन विषयों को लेकर लिखित और तथ्य आधार शिकायत दर्ज करें तब शिक्षा विभाग द्वारा उचित कार्रवाई की जायेगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसजनों ने धरना देकर उप तहसील पटेवा का किया घेराव

**महासमुंद।** उपतहसील पटेवा में व्याप्त प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता व मनमानी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उपतहसील पटेवा का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेसजनों व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में उप तहसील में कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। तहसील कार्यालयों में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि उपतहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी, गरीब किसानों को अपना कार्य कराने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा के साय सरकार में आज तहसील से जुड़ा कोई भी काम अधिकारियों की जेब गर्म करे बिना नहीं हो रहा। उपतहसील में तमाम प्रमाण पत्रों आय जाति निवास से लेकर भूमि संबंधी कार्य होते हैं, जो बिना पैसा दिए नहीं हो रहे।

### गाड़ी को धीरे चलाने कहा तो युवक से मारपीट

**महासमुंद।** तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामला ग्राम भोरिंग का है। रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम भोरिंग का पराग पिता हेमधर आवड़े 15 जुलाई की सुबह गांव के लीवाल्डन के साथ मोटरसायकल से खेत की ओर जा रहा था। कुकराडीह एवं तेंदूवाही रोड में पहुंचे थे कि गांव के नंदकुमार ढीढी के रिश्तेदार हरीश नवरंगे अपने छोटा हाथी वाहन को तेज रफ्तार से चलाता हुआ ला रहा था, जिसे मना करने पर आरोपी वाद विवाद एवं गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने बताया कि इसी बात को समझाने के लिए प्रार्थी गांव के नंदकुमार के घर के पास गया और नंदकुमार से कहा कि अपने रिश्तेदार हरीश नवरंगे को गाड़ी कम स्पीड में चलाने के लिए कहे। इसी दौरान वहां पर खड़े आरोपी हरीश नवरंगे ने प्रार्थी पराग के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे से सिर में मार दिया। बीच बचाव करने आए देवप्रकाश आवडे के साथ भी मारपीट किया। आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## सियासत : स्वागत समारोह के मंच पर पक्षपात से उभरा असंतोष

# बृजमोहन की जीत ऐतिहासिक पर स्वागत रहा फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



लोकसभा चुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार मतों से मिली ऐतिहासिक बढ़त से यह उम्मीद की जा रही थी कि श्री अग्रवाल के आगमन पर नगर में उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत होगा। लेकिन लंबे अर्से से जिला में भाजपा संगठन व कर्मठ कार्यकर्ताओं के मध्य तालमेल का अभाव तथा खाई जैसी गहराई दूरी वाले माहौल के चलते आयोजित स्वागत समारोह के दौरान नजारा उम्मीद के विपरीत महज रस्म अदायगी सा नजर आया। सर्किट हाउस से निकले सांसद के काफिले में मुट्ठी भर कार्यकर्ता शामिल दिखाई पड़े। उनके काफिले में कार्यकर्ताओं से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों की संख्या अधिक थी। वहीं सम्मान समारोह स्थल नगर भवन में लगे पंडाल और रखी गई कुर्सियां भीड़ नहीं जुट पाने के चलते आधी से ज्यादा खाली थी।

इस बारे में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि जिले में संगठन के नाम पर एक चौकड़ी सक्रिय है जिन्हें पार्टी के ही कुछ वरिष्ठ नेताओं का समर्थन प्राप्त है। उनके द्वारा पार्टी के हितों की अनदेखी तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। वहीं पार्टी हाईकमान द्वारा भी पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के विरोध के बावजूद जिले में आया राम गया राम वाले नेताओं को तव्वज्जों दिये जाने से नाराज कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा जिले में पार्टी का कांग्रेसीकरण होने की बात दबी जुबान से कही जा रही है।

रविवार को सांसद के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार ढ़ग से नहीं किये जाने की जानकारी देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया है। कार्यक्रम स्थल में मौजूद पार्टी में मोर्चा के एक पदाधिकारी ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सिर्फ अपने चहेते को महत्व दिया जा रहा है। वह स्वयं भी जिला संगठन की उपेक्षा का शिकार होने के चलते कार्यक्रम से दूरी बनाने को मजबूर हुए है। कुछ इसी तरह की बातें ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में सत्ता और संगठन के बीच दूरी

प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार बनने तथा बलौदाबाजार स्वतंत्र राजस्व जिला गठित होने के बाद पहली बार इस जिले से निर्वाचित बलौदाबाजार के विधायक टंकराम वर्मा को मंत्रिमंडल में स्थान मिलने से लोगों में उम्मीद जगी हुई है कि लंबे अर्से से उपेक्षा का दंश झेल रहे इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा तथा इस संबंध में राजस्व मंत्री बनाये गये टंकराम वर्मा द्वारा लगातार प्रयास जारी रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी को फोरलाइन बनाने तथा खरसिया बलौदाबाजार नवा रायपुर नई रेललाइन प्रोजेक्ट की स्वीकृति व शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने की दिशा में सफल भी रहे हैं। इसके अलावा अब तक जिला स्तर वाली योजनाओं से वंचित इस जिले में मेडिकल कालेज, केन्द्रीय विद्यालय जैसी जरूरतों को लेकर सतत संपर्क कर प्रयासरत है, लेकिन भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सत्ता और संगठन के बीच दूरी होने के चलते स्थानीय स्तर की समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है।

## बारिश में नगर की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा



**बलौदबाजार।** नगर में वैसे तो आवारा मवेशियों की समस्या बारह मासी है और वर्षों से व्याप्त इस समस्या का समाधान आज पर्यत्न न तो कांग्रेस की सरकार कर पाई है और न ही भाजपा की सरकार। नगर के प्रायः हर आमदरफ्त वाले मार्ग में आवारा मवेशियों के झुंड धमाचौकड़ी मचाते दिखाई दे रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि सूखे के दिनों में तो शहर में विचरण करने वाले आवारा मवेशी कहीं भी सूखी जमीन पर बैठकर और जुगाली करते आराम फरमा लेते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में गीली जमीन में इन मवेशियों को भी बैठने में दिक्कत होती है और वे इसके लिए नगर की सूखी सड़कों में ही डेरा जमा लेते हैं। इन दिनों हो रही बारिश के चलते मवेशियों का डेरा एक बार फिर नगर की सड़कों पर दिखाई दे रहा है, जिससे न सिर्फ नगर का आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी हुई है।

# आगजनी और तोड़फोड़ मामले में चार आरोपी और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






जिले में 10 जून को धरना प्रदर्शन के दौरान संयुक्त कार्यालय परिसर में आगजनी और वाहनों में तोड़फोड़ के आरोपियों की संख्या बढ़ते जा रही है। सोमवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर 4 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कोमल संभाकर निवासी शुभ ऑटो पाट्र्स जैतखाम के पास सिहावा रोड धमतरी, दिनेश कुमार बंजारे 48 साल निवासी रमनटोला मचवा भाटा केंद्री विद्यालय के पास महासमुंद, विजय कुमार बंजारे 44 निवासी कन्हार पूरी थाना भीमखोज खल्लारी, मोहन लाल बंजारे 50 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना गिधपुरी एवं बालसमुंद रोड वार्ड 12 पलारी शामिल हैं।

■ मामले में अब तक 163 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तार

पुलिस ने मोहन बंजारे को प्रमुख साजिशकर्ता बताया

पुलिस ने बताया गया है कि गिरफ्तार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### भीम रेजिमेंट के प्रदेश अध्यक्ष ने कोर्ट में किया सरेंडर

सोमवार को भीम रेजिमेंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ने अपने सहयोगी हेमंत बंजारे के साथ बलौदाबाजार न्यायालय पहुंचकर सरेंडर कर दिया। इसके पूर्व कुछ लोगों से चर्चा के दौरान चतुर्वेदी ने पुलिस पर 10 जून की घटना को लेकर जबरन परेशान करने का आरोप भी लगाया है।



## ट्रैक पर युवक ने किया हंगामा, चालक को रोकनी पड़ी मालगाड़ी

**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग में शनिवार देर रात एक युवक रेलवे ट्रैक पर शोरगुल मचाता रहा और गाली गलौज करता रहा। इस दौरान उसने क्रासिंग में तैनात गार्ड से भी अभद्रता की। युवक कौन था इसकी पहचान तो नही हो पाई। इस दौरान रायपुर की ओर से मालगाड़ी आने के चलते क्रांसिंग बंद किया गया था। लेकिन, ट्रैक पर नशे की हालत में खड़े युवक के कारण ड्राइवर को ट्रेन तक रोकनी पड़ गई। हालांकि, ट्रेन युवक के खड़े होने के स्थान के बाद ठहरी लेकिन, ट्रेन को आता हुआ देख युवक ट्रेन की दूसरी ओर कूद गया। मामला रेलवे अफसरों और पुलिस के संज्ञान में है लेकिन, अब तक क्या कार्रवाई की गई है इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। मानव जीवन को खतरे में देख चालक ने ट्रेन रोक दी। लेकिन, ट्रेन का गंतव्य से पहले किसी के कारण रोका जाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। रेलवे ट्रैक पर हुई यह हरकत लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगी, जिस पर कड़ी कार्रवाई बिना इसे रोका जाना संभव नही होगा।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# आवारा मवेशियों की धरपकड़ में जुटी पालिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत मुख्य मार्ग पर बैठे अवारा एवं पालतु मवेशियों से होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर पालिका द्वारा मवेशियों को पकड़े जाने का अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप सप्ताहभर से रोका–छेका अभियान चलाते हुए आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मवेशियों को स्थानीय कांजी हाऊस में रखकर मवेशी पालकों को नोटिस दी जायेगी।

■ मवेशियों को स्थानीय कांजी हाउस में रखकर मवेशी पालकों को दी जायेगी नोटिस

नगर पालिका टीम एवं मवेशी पकड़ने के लिए उपलब्ध काऊ केचर में अवारा एवं पालतु पशुओं को पकड़कर चिन्हांकित ग्राम में छोड़े जाने की योजना के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। स्थानीय सिविल लाइन व्यवहार न्यायालय, गार्डन चौक, नया बस स्टैण्ड, बजरंग चौंक, आम्बेडकर ▶▶ शेष पेज 11 पर






# होटल, ढाबों और अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई, 38 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

होटल, ढाबों व अवैध चखना सेंटरों में पुलिस ने दबिश देकर 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर अवैध गतिविधियां संचालित करने, मदिरापान कराने सहित अन्य आरोप हैं। जिले में विजय अग्रवाल के पुलिस अधीक्षक का पद संभालने के बाद से अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है। जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में टीम द्वारा शनिवार को शाम के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क के किनारे स्थित होटल ढाबा आदि में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले 38 लोगों को पकड़ा है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा खाने, पीने, बैठने आदि की व्यवस्था कराते हुए होटल, ढाबा, ठेला एवं चखना सेंटर चलाने के अंवैधानिक कार्यो में लिप्त, सार्वजनिक स्थान में बैठकर नशापन करने एवं शराब पीने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

## अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा दी



### विभिन्न थाना क्षेत्रों में पकड़े गए आरोपी

कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली द्वारा 12 आरोपी, थाना भाटापारा शहर द्वारा 7 आरोपी, थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 8 आरोपी, थाना लवन द्वारा 02 आरोपी, थाना सिमगा द्वारा 6 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 01 थाना पलारी 2 आरोपियों को अपने होटल, ढाबा में अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाते हुए तथा चखना सेंटर चलाते हुए रंगेहाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

**पकड़े गए आरोपी :** गिरफ्तार आरोपियो में संदीप निवासी बजरंग चौक कसडोल, गोविंदा निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा, कमलेश निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, लखन निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, समीर निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा, करमू निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, राजकुमार निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, सुमित निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा, जुगेश्वरी निवासी ग्राम वटगन, भरत निवासी वार्ड क्रमांक 15 पलारी नीरज निवासी ग्राम धौराभाटा, सुनील निवासी ग्राम ढाबाडीह, राजू निवासी ग्राम सिद्धबाबा भाटापारा, शंकर निवासी ग्राम सिद्धबाबा भाटापारा, हसन निवासी नया गंज वार्ड भाटापारा, हीरालाल निवासी ढाबाडीह, धनेश्वर निवासी ग्राम खपरी, रामू निवासी ग्राम भोथीडीह, अजय निवासी लवन, सुनील उम्र निवासी ग्राम डोंगरीडीह, दिलीप निवासी ग्राम पौसरी, कुलेश्वर निवासी ग्राम लांजा, जयनारायण निवासी पौसरी, तुलेश्वर निवासी ग्राम बनसांकरा थाना सिमगा, भोलाराम निवासी ग्राम बनसांकरा, कैलाश निवासी ग्राम धोबनी राकेश निवासी ग्राम अमेरा, केशव निवासी ग्राम करमदा, तीर कुमार निवासी ग्राम तिल्दा, महेश निवासी ग्राम सकरी, विरेंद्र निवासी ग्राम ठेलकी, तेजराम निवासी ग्राम अमेरा, पंकज निवासी ग्राम सोनपुरी, भूषण निवासी ग्राम खैरघटा, राजू निवासी ग्राम खैरघटा, राकेश निवासी ग्राम रिसदा, जगन्नाथ निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार, बलराम निवासी बलौदाबाजार शामिल है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने बच्चों को नशे के विरुद्ध दिलाई शपथ

**रायपुर** । रायपुर पुलिस व संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनओडीसी द्वारा निजात अभियान के तहत नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन लोगों, युवाओं व बच्चों के बीच जाकर नशे के दुष्परिणाम पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जिले के विभिन्न एनजीओ व लगभग 1200 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच नशे विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि नशा किस प्रकार परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि कैसे किसी परिवार में बच्चे की स्कूल की फीस के लिए पैसे नहीं होते, लेकिन नशे के लिए कहीं से भी व्यक्ति पैसों का इंतजाम कर लेता है और ऐसा परिवार धीरे धीरे विघटित हो जाता है। उपस्थित लोगों को अपने जीवन में नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया।

### छात्राओं को बांटी साइकिल

**रायपुर**। नगर पंचायत माना कैंप में 15वें वित्त आयोग मद से वार्डों में सफाई कार्यों के लिए नए वाहनों का रविवार को लोकार्पण और पूजन किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में नगर पंचायत माना कैंप में नवनिर्मित 3 अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण, पुरस्कार वितरण, पौधारोपण एवं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा उपाध्यक्ष रायपुर शहर श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, माना नगर पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला चौहान, मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद लोकमति ठाकुर, अंजू बर्मन, मिथुन मंडल, कांति साहू, संगीता सिंह, के. ऐबु, सुपाद मडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेश पिल्ले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल आदि शामिल थे।

### मिनीमाता स्मृति दिवस की तैयारी में जुटा सतनामी समाज



**रायपुर**। सतनामी समाज की गुरुमाता व छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 11 अगस्त को 52वीं पुण्यतिथि है, जिसे स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में रविवार को सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज की ओर से राजधानी में मुख्य आयोजन न्यू राजेंद्र नगर स्थित सामाजिक भवन में होगा, जहां माताजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया जाएगा। इस दौरान मंगल भजन, संगोष्ठी सहित जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व प्रातः पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की आदमकद प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा होगी।

## पढ़ई तिहार के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रदेश में रहा अव्वल

*तिहार में नवप्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी हुईं सम्मिलित*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पढ़ई तिहार के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रदेश में अव्वल रहा। 1183 प्राथमिक शालाओं में से 1151 ने जानकारी भरी है। तिहार में नवप्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुईं है।

कलेक्टर व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती व डीएमसी एम.एल.ब्रम्हाणी नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंडों के 1183 प्राथमिक शालाओं में 2 जुलाई को पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया था। राज्य शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन संबध में जारी आंकड़ों के अनुसार बलौदाबाजार भाटापारा जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। प्रथम संस्था की ओर से इस कार्यक्रम के रिर्पोटिंग के लिए जारी किए गए गूगल फॉर्म में 12 जुलाई की स्थिति में संकलित आकड़ों के अनुसार जिले के कुल 1183 प्राथमिक शालाओं में से 1151 प्राथमिक शालाओं ने जानकारी भरी है, जिसमें अभी तक कुल नव प्रवेशित बच्चों की संख्या 11418 है। जिले के सभी विकासखंडों में क्रमशः सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्ठा,पलारी शासकीय प्राथमिक शाला छडिया,कसडोल शासकीय प्राथमिक शाला गोरधा ,भाटापारा शासकीय प्राथमिक शाला सुमा,बलौदाबाजार पंडरिया, के साथ ही बिलाईगढ़ बरभाटा में विकासखंड स्तरीय पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया था।

पढ़ई तिहार की जिला नोडल भारती वर्मा ने बताया कि इस तिहार में नवप्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुई। इसके लिए माताओं को शाला परिवार की ओर से आमंत्रण पत्र भेजा गया था। शाला में शिक्षकों द्वारा 9 प्रकार के काउंटर लगाए गए थे। इन काउंटर के माध्यम से गतिविधियों द्वारा माताओं के माध्यम से अपने अपने बच्चों का मूल्यांकन किया गया।

विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हर शाला में एक एक स्मार्ट माता का भी चयन पढ़ई तिहार में किया जाकर स्मार्ट माताओं को क्राउन पहनाया गया। पूरा मेला स्थल नीले रंग से रंगा नजर आया। इस वर्ष तिहार में माताओं व महिला शिक्षकों के लिए नीले रंग की साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। पढ़ई तिहार के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन में बीईओ, बीआरसी व संकुल समन्वयकों के अलावा पढई तिहार के विकासखंड स्तरीय बीआरजी नीलम वर्मा, बैजंती कौशिक सिमगा,अराधना वर्मा, कविता सरसिहा पलारी, चंचल साहू,शंकर बाई पैकरा कसडोल,क्षिप्रा अग्रवाल भाटापारा, संगीता काले ,रेणुका ध्रुव बलौदाबाजार व बिलाईगढ़ से सुनीता साहू , सरोजनी साहू उपस्थित रहे।



### काउंटर के जरिए बच्चों की गतिविधियों का हुआ आंकलन

नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्राथमिक शाला में 9 काउंटर लगाया गया था। जिसके बाद शिक्षकों की मौजूदगी में काउंटर के जरिए बच्चों की गतिविधियों का आंकलन किया गया। पहला काउंटर में पंजीयन सम्बन्धी गतिविधियां हुई यानी बच्चों का पंजीयन हुआ । जिसके बाद दूसरे से 9 वें काउंटर तक भाषायी कौशल, शारीरिक विकास, पेपर को फोल्ड करना, सब्जियों से रंगों की पहचान, भाषीय गणित, बौद्धिक विकास, बच्चों का कोना सहित अन्य गतिविधियां को संपन्न कराया गया। इस दौरान हर गतिविधि में बच्चों को परखा गया।छोटे बच्चों को रंग, साइन, कौन सा चीज हल्का है, कौन सा भारी है यह सब मनोरंजनात्मक तरीके से बताया गया।


### स्थानीय सामाग्री, खेल के माध्यम से बना सकते हैं दक्ष

नोडल अधिकारी भारती वर्मा ने बताया कि विकासखंड के सभी प्राथमिक शालाओं में माताओं को शिक्षकों द्वारा स्कूल रेडी नेस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उनको बताया गया कि घर में ही उपलब्ध स्थानीय सामग्रियों , खेल आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करते हुए भाषायी व गणित कौशल में दक्ष किया जा सकता है। शिक्षकों के द्वारा माताओं को गतिविधि करके बताया गया कि। जैसे साड़ी, कपड़े आदि के माध्यम से रंगों की पहचान, बर्तनों के माध्यम से आकृति व छोटे बड़े की पहचान,सब्जियों के माध्यम से भी रंगों व आकृतियों की पहचान कराई जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कुल के अलावा कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को माँ के माध्यम से घर में ही शिक्षा देना है।

### कमजोर बच्चों को प्लानिंग कर ज्ञानवर्धक जानकारी देंगे

नोडल अधिकारी ने बताया कि घरेलू काम के साथ–साथ खेल–खेल में बच्चों को सिखाना, स्कूल और समुदाय के बीच के तालमेल को समझाना और बच्चों को पढ़ाना भी मां की जिम्मेदारी है। माताओं यानी महिलाओं के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा, ज्ञान देना ही आयोजन कराने का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें कमजोर बच्चों को अलग से चिन्हांकित किया जाएगा। जिसके बाद आगे उनको बेहतर करने प्लानिंग बनाकर ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाएगी ।

## सरोना में आधी भी नहीं हो पाई कचरा छंटाई, बारिश ने अटकाया, काम बंद



- दिसंबर तक काम पूरा करने समयसीमा तय
- 28 एकड़ जमीन पर 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा करकट डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा-करकट की छंटाई का 45 फीसदी काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। बारिश की वजह से स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई रोक दी गई है। दिसंबर 2024 तक बकाया काम पूरा करने की समयसीमा तय है। 28 एकड़ जमीन पर पिछले डेढ़ दशक से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के वैज्ञानिक निष्पादन के लिए रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने 12 करोड़ 66 लाख में ठेका दिया है।

नगर निगम के सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सालों से डंप कूड़ा-करकट डिस्पोज करने रायगढ़ की अनुबंधित एजेंसी ने साइट पर 5 पोकलेन मशीनें और 7 डंपर लगाकर जमीन में दबे कूड़े को मशीन से खोदकर पहले ढेरी लगवाई। फिर सप्ताहभर इसे सुखाने के बाद मशीन से 4 अलग-अलग भागों में कचरे की छंटाई कराई। अब तक 45 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। निगम से अनुबंधित एजेंसी हिल्बो इंटरप्राइजेस पोकलेन व डंपर मशीन लगाकर जमीन की 8 फीट तक खुदाई कर वहां दबे 45 फीसदी कूड़ा-करकट को बाहर निकालकर, अलग-अलग ढेरी में सुखा रही है। इस दौरान स्पॉट पर पानी भरने से कचरा छंटाई का काम रोकना पड़ा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, मौसम खुलने के बाद ही आगे का काम शुरू हो पायेगा। विदित हो कि डेढ़ दशक से सरोना में डंप शहरभर का कूड़ा-करकट खारुन नदी किनारे दबा पड़ा है। बारिश में इस गंदगी के कारण में खारुन में गंदा पानी रिसकर जाने को लेकर एनजीटी ने रायपुर नगर निगम को कई बार जमकर फटकार लगाई है। स्थानीय रहवासियों ने भी कचरा ढोने वाली रामकी कंपनी की गाड़ियों को रोकने चक्काजाम किया था। इन सबके बाद नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 66 लाख में पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। अनुबंधित कंपनी कचरा छंटाई के साथ -साथ निकाले गए कचरे के ढेर में से झिल्ली, प्लास्टिक, कांच व लोहे के टुकड़े अलग कर उसे बेचेगी।

### 45 फीसदी काम पूरा

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा-करकट के निपटारे का 45 फीसदी काम पूरा हुआ है। बारिश के कारण काम बंद है। दिसंबर 2024 तक अनुबंधित एजेंसी को बकाया काम पूरा करने की समयसीमा दी गई है।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर



## सिमगा के कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- भाटापारा विधानसभा में भाजपा मतदाता सम्मेलन

गोदड़ी भवन में आयोजित मतदाता सम्मान सम्मेलन के कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा के भाटापारा विधानसभा के बूथ क्रमांक 32 शंकर नगर सिमगा में सर्वाधिक मत भारतीय जनता पार्टी प्राप्त हुआ था तथा कांग्रेस सैकड़ा भी पार नहीं कर पाई थी। जिसमें बूथ के सदस्य एवं संयोजक नारायण निषाद सहसंयोजक परस पाटकर बूथ अध्यक्ष दिनेश निषाद को राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भूतपूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। विधानसभा चुनाव में भी इसी बूथ से सार्वधिक मतों से विजयी होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सम्मानित हो चुके हैं।

## राज्य सेवा के कर्मचारियों से भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- डीओपीटी को पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संगठन ने पीएम को लिखा पत्र
- राज्य सेवा के कर्मचारियों के लिए कार्य प्रतिवेदन नियम बनाने की मांग

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने डीओपीटी विभाग के प्रभारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अखिल भारतीय सेवा और राज्य सेवा के कर्मचारियों के साथ कई मामलों में भेदभाव किए जाने पर सवाल उठाया है। संघ के प्रातांध्यक्ष अनिल सिन्हा ने कहा, अखिल भारतीय सेवा के लोकसेवकों के कार्य प्रतिवेदन के लिए नियम बने हैं, लेकिन राज्य सेवा के संबंध में नियम नहीं बने हैं। राज्य सेवा के लिए गोपनीय प्रतिवेदन के नियम नहीं बनने के कारण इसे अधीनस्थों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। अखिल भारतीय सेवाओं के लिए प्रशासनिक अभिकरण है, लेकिन राज्य सेवा के अभिकरण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सेवा के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन कराया जाए।

उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कहा, राज्य कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन लिखे जाने के संबंध में नियम बनाया जाए। राज्य प्रशासनिक सेवा अभिकरण और कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए। संयुक्त विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हर तीन माह में सुनिश्चित किया जाए।

प्रत्येक विभाग में जिला और प्रदेश स्तर पर शिकायत निवारण एवं शासकीय सेवक कल्याण अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ऐसे मामलों में किसी अधिकारी के विरुद्ध कोर्ट जाना पड़े तो उस पर आने वाले समस्त व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाए और संबंधित अधिकारी पर उचित कार्रवाई का प्रावधान करें।

### मलेरिया डायरिया से मृतक के परिजनों को दें मुआवजा

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बस्तर से लेकर कवर्धा तक लोग मर रहे हैं। बीजापुर के भोपालपट्टनम में एक बच्ची की मौत मलेरिया से हो गई। कवर्धा जिले के चिल्फी के पास सोनवाही गांव मे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र संरक्षित बैगा जनजाति के पांच लोगों की उल्टी-दस्त के बाद मौत हो गई है। पीसीसी अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि कवर्धा के सोनवाही में मृतकों के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा दिया जाए। साथ ही वनक्षेत्रों मे स्वास्थ्य सुविधाएं तत्काल बढ़ाई जाएं। हाट-बाजार क्लीनिक शुरू किया जाए। मलेरिया और डायरिया के जांच व इलाज के लिए कैम्प लगाए जाएं।

## पटवारी हड़ताल पर, अब आरआई से ले रहे हैं काम, दी आंदोलन की चेतावनी

- किसी भी दिन बिना सूचना जाएंगे हड़ताल पर
- आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ में पटवारियों के 8 जुलाई से हड़ताल पर चले जाने से अब उनके हिस्से का काम आरआई (राजस्व निरीक्षक) से लिया जा रहा है। इसकी वजह से आरआई भी परेशानी में पड़ गए हैं।

राजस्व निरीक्षक संघ का कहना है कि पटवारी का काम करने में देरी होने के कारण आरआई के साथ मारपीट और अनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं, इस वजह से आरआई मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अगर पटवारियों के काम नहीं करने की वजह से आरआई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो आरआई किसी भी दिन बिना सूचना दिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष दीपचंद भारती ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को भेजे गए पत्र में यह बात कही है। पत्र में कहा गया है कि हल्का पटवारी के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य जैसे आय, निवास, जाति प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्य विभिन्न जिलों में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को करने के लिए उनके राजस्व अधिकारियों द्वारा आदेशित किया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उनकी धारित कृषि भूमि, आवासीय भूमि, जाति एवं उनके वारिसानों की जानकारी क्षेत्रीय कर्मचारी होने के कारण संबंधित हल्का पटवारी को होती है।

इसलिए हल्का पटवारी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य राजस्व निरीक्षक के ऊपर अधिरोपित नहीं करने कलेक्टर को पत्र लिखने का आग्रह छग राजस्व निरीक्षक संघ ने किया है।

### ये काम हो रहे प्रभावित

सीमांकन, नक्शा, बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, मौका जांच के लिए राजस्व निरीक्षकों को पटवारी द्वारा अद्यतन किए जाने वाले राजस्व अभिलेखों की आवश्यकता होती है। चालू राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं हो पाने की स्थिति में सीमांकन, नक्शा बटांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार के प्रतिवेदन का कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवारी चालू नक्शा में बटांकन नहीं होने के बाद भी सक्षम न्यायालय से प्राप्त सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण के समय राजस्व निरीक्षकों के साथ मारपीट एवं आवेदक के मन मुताबिक कार्य नहीं होने के कारण आवेदक, अनावेदकों द्वारा राजस्व निरीक्षकों के विरुद्ध झूठे और मनगंढ़त आरोप लगाए जाते हैं, जिससे राजस्व निरीक्षक अकारण मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### स्कूल व आसपास के क्षेत्र में किया पौधारोपण

**भटगांव।** नगर स्थित लोटस पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और फलदार व छायादार पौधे रोपित किए। साथ ही घर और बाग बगीचे में पौधारोपण किया और उसके देखभाल का संकल्प लिया। संस्था स्टॉप द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक पेड़ मां के नाम मुहिम को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि पौधों के बिना जीवन असंभव है। पेड़ पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि पौधे लगाना अपनी दैनिक दिनचर्या में शुमार करें, सुविधानुसार जब भी अवसर मिले एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित रूप से देखभाल करें। पौधे हमें आक्सीजन देकर जीवन देने के साथ–साथ भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करते हैं और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जागरूक किया।

### पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। इसमें 20 मरीजों को डाइग्नोसिस किया गया। साथ ही टोबेको यूजर्स को भी फ्री मेडिसिन के साथ साथ कोसोशल काउंसिलिंग किया गया। सभी मरीजों को नियमित एक्सरसाइज करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चित्रेश ड़ड़सेना नोडल पिथौरा, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि का सहयोग रहा।

### सफाई के दौरान ट्रक चालक की करंट से मौत

**महासमुंद।** बिरकोनी में बोरवेल ट्रक की सफाई के दौरान ट्रक चालक 33-केवी वायर के संपर्क आ गया, जिससे करंट से उनकी मौत हो गई। मृतक तमिलनाडु निवासी है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इससे पहले भी तुमगांव में एक बच्ची की मौत करंट से हो चुकी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सेंकरी तमिलनाडु निवासी राजवैल द्रविड़ (42) अपने अपने दो साथी गुड्डु ठाकुर और रोहित ठाकुर के साथ बोरवेल वाहन ट्रक क्रमांक केए 01 एमवी 6599 के केबिन की खिड़की में कांच लगाने बोरवेल वाहन को लेकर ओम बॉडी वर्कशाप महाराजा ढाबा के बाजू बिरकोनी आया था। जहां ओम बॉडी वर्कशाप के मिस्त्री दोपहर भोजन करने चले गए थे। उनके आने का इंतजार करते वाहन चालक-ड्रिलर बोरवेल मशीन की मास्क में ग्रीसिंग करने के लिए मास्क को उठाया। इसी दौरान वाहन के ऊपर से गुजरी 33 केवी बिजली तार से संपर्क में आ गए जिसमें राजवैल करंट के झटके से बेहोश हो गया।

# सफलता के लिए छात्र- छात्राएं अपनी आंतरिक क्षमता का विकास करें: एडीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में आज हायर लर्निंग क्लास के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी प्रदीप गुप्ता ने गेस्ट स्पीकर के रूप में विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

एडीजीपी श्री गुप्ता ने अपने जीवन की यात्रा और सफलता की कहानी साझा करते हुए कहा कि सफलता के पीछे मेरे माता–पिता, मित्रों, रिश्तेदारों और ऊपर वाले का आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि अपनी आंतरिक क्षमताओं का विकास करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अभाव में जीने और उससे सीखने की प्रक्रिया ने उन्हें ज्यादा प्रेरित किया। उन्होंने सलाह दी कि वे हमेशा अपने शिक्षकों के साथ जुड़कर रहें और सही मार्गदर्शन प्राप्त करें। विवेक सेन, राजेश सिंह, ऋग्वेदिता टंडन देवानंद साहू आदि बच्चों ने श्री गुप्ता से उनके जीवन और करियर से जुड़े कई प्रश्न पूछे। श्री गुप्ता ने बताया कि रायपुर से दिल्ली में पढ़ाई करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन लक्ष्य के प्रति समर्पण और संघर्ष ने उन्हें सफलता दिलाई। उन्होंने बताया कि कई मामलों में सस्पेक्ट पर्सन को जांच के लिए बुलाना पड़ता है। हमेशा उनकी कोशिश रहती है कि निर्दोष को सजा न हो।

## प्रेरणा विद्यालय कठिया में एडीजीपी प्रदीप ने बच्चों को दिया प्रेरक उद्बोधन

### विद्यार्थियों से सीखने को मिला

आईपीएस अधिकारी बनने के बाद 2 साल की ट्रेनिंग, फिर विभिन्न पदों पर पोस्टिंग और अनुभव के आधार पर प्रमोशन मिलते हैं। 25 साल के अनुभव के बाद वह पद के लिए योग्य बने। उनकी जीवन यात्रा सुनकर विद्यार्थी अत्यंत प्रेरित हुए और कार्यक्रम से सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ज्योति सिंह, मनोज, राहुल साहू, सूरज सिन्हा, डॉ.अवधेश पटेल, गणेश वर्मा, मृदु पोगुला, प्रिंसिपल रिभा चौधरी, वाइस प्रिंसिपल पामेश्वरी कश्यप तथा प्रेरणा विद्यालय के सभी टीचर्स उपस्थित रहे।

# बया, चादन, सोनाखान व गिरौधपुरी मार्ग जर्जर

## वनांचलवासियों का गड्ढे एवं किचड़मय रास्ते पर चलना है मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि बया से चादन, राजादेवरी, सोनाखान होते हुए गिरौधपुरी पहुंच मार्ग बहुत ही जर्जर हो चुका है। इसये चार पहिया और दुपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सड़क हादसा हो रहा है। यह सड़क 35 से 40 किलोमीटर की दूरी है, जिसे तय करने में आम नागरिकों को, जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को 3 से 4 घंटा का समय लगता है और पूरा दिन खराब जाता है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने क्षेत्र वासियों, आम नागरिकों की ओर से इस गंभीर समस्या का निराकरण के लिए संबंधित मंत्री एवं मुख्यमंत्री से अपील की है। यह सड़क छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के गांव सोनाखान, बाबा घासीदास की जन्मभूमि, तपोभूमि, कर्मभूमि गिरोधपुरी को जोड़ती है। साथ ही यह सड़क महासमुंद, बलौदाबाजार और जांजगीर-चांपा जिला को जोड़ती है। यह सड़क कई मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों को पहचानती है, जिसमें पूर्व मंत्री डॉ. कन्हैयालाल शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय को जानती पहचानती है। इस मार्ग के दो पवित्र भूमि सोनाखान और गिरोधपुरी में प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री का आना तय होता है। चाहे वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो या कांग्रेस की, 10 दिसंबर को सोनाखान और 18 दिसंबर को गिरौधपुरी में प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री पहुंचते हैं, परंतु अंतर इतना ही होता है मुख्यमंत्री के मार्ग में ना तो गड्ढे होते हैं ना ही कंकर पत्थर, आम नागरिकों के मार्ग में गड्ढा ही गड्ढा नजर आता है।

### यह मार्ग तीन जिले को जोड़ती

यह सड़क वीर भूमि सोनाखान व तपोभूमि गिरोधपुरी को जोड़ने के साथ महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा तीन जिले को जोड़ती है। इस सड़क को व्यावसायिक दृष्टि से भी हम देखें तो बया से राजादेवरी पहुंच मार्ग में दर्जनों राइस मिल हैं, जो सड़क मार्ग की परेशानी से निरंतर जूझ रहे हैं। पंजाब नेशनल बैंक बया, जिला सहकारी बैंक बया, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक सोनाखान, इसी जर्जर व दुर्घटना युक्त मार्ग से तय कर किसान मजदूर आते-जाते हैं।



### जर्जर मार्ग को तत्काल बनवाये



उक्त समस्त विधायकों व मंत्रियों ने अपने स्तर में निश्चित ही इस पर सुधार किया था, परंतु यह मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर है। इसमें सुधार की नहीं, अपितु नवीन बनाने की आवश्यकता है। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों, आम नागरिकों की ओर से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मंत्री अपील की है कि, इस जर्जर मार्ग को तत्काल बनवाये।

# ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम प्रशिक्षण में शामिल हुए केमिस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम प्रशिक्षण कार्यालय का आयोजन उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला दवा विक्रेता के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बलौदाबाजार जिला के ड्रग इंस्पेक्टर नीलिमा साहू एवं बृजेश प्रजापति ने किया। ड्रग इंस्पेक्टर नीलिमा साहू ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर प्रकाश डाला। उसके पश्चात जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा लाइसेंस रिन्यूअल के लिए ऑनलाइन कितना जरूरी है और यह सभी केमिस्ट को सिखाना जरूरी है। प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया को सरल शब्दों में केमिस्ट को बताया गया। इसमें किस ढंग से ओटीपी एवं ई-मेल के पासवर्ड बनाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना है, इसका पूरी जानकारी सभी केमिस्ट को विस्तृत रूप से दी गई। अपने कंप्यूटर एवं लैपटॉप से किस ढंग से लाइसेंस रिन्यूअल कर कौन सा फॉर्म अपलोड़ करना है इसकी विस्तृत जानकारी केमिस्ट को दी गई।

ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए पैन कार्ड, पुराना लाइसेंस एवं रेंट एग्रीमेंट की कॉपी होना बहुत जरूरी बताया। सभी केमिस्ट को इसके बारे में ध्यान से सीखने की बात कही। पुराने सिस्टम के तहत अब लाइसेंस रिन्यूअल नहीं किया जाएगा। नए सिस्टम में सभी को ऑनलाइन फॉर्म भरना एवं सिखाना जरूरी बताया गया। केमिस्ट ने इस सिस्टम को ध्यान से प्रोजेक्टर में देखा एवं समझा। इस मौके पर सभी केमिस्ट उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने डीएव्ही स्कूल में किया पौधारोपण



**गोपालपुर।** डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में मां के नाम एक पेड़ योजना के तहत ग्रामीणों ने बादाम, नीम, पीपल, बरगद का पौधारोपण किया। यह कार्य पर्यावरण में संतुलन बनाएं रखने के लिए किया गया। पौधारोपण करने वालों में सुबास यादव प्रधान पाठक, दरस टण्डन पत्रकार, नारायण प्रसाद साहू, ग्राम अध्यक्ष साहू समाज एवं पूर्व उप सरपंच, मनहरन यादव, चन्द्रशेखर निषाद, गजेन्द्र कर्ष, साहिल यादव, कमल यादव, धीरज निषाद शामिल थे। उक्त संस्थान के प्रमुख को पौधों की देख रेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नगर साहू समाज ने स्कूल में आयोजित किया पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा पूर्व माध्य शाला बिजराडीह के प्रभारी प्रधान पाठक राजेश कुमार साहू की पहल पर पर्यावरण सुरक्षा और पौधारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति लगाव व पौधारोपण एवं उसकी सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा कर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने स्कूल स्टाफ व प्रधान पाठक साहू को भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने व इस सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर ऐसे पुनीत कार्य के लिए नगर साहू समाज भाटापारा का चयन करने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन स्कूल स्टाफ से प्रभारी प्रधान पाठक राजेश कुमार साहू, वीरेन्द्र वर्मा, रामदास, मोहिता मानिकपुरी के साथ पूर्व माध्यमिक शाला बिजराडीह के सभी बच्चे उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाटापारा तहसील साहू संघ व परिक्षेत्र से घनाराम साहू, कमलेश साहू, नगर साहू समाज भाटापारा से अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीताम्बर साहू, समाज सेवक पीला राम साहू, डॉ. वीणा साहू, डॉली साहू, संध्या साहू, सती साहू, नीरा देवी साहू, सरस्वती लूकु साहू, सरोजनी साहू, रेवती साहू के साथ ही ग्राम बीजराडीह की सरपंच विद्या ध्रुव के साथ शाला विकास समिति के सदस्य परसराम यदु, घनश्याम यदु शामिल थे।

# स्वामी आत्मानंद में मां के नाम लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसड़ोल

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेल में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद देवांगन सहित स्टाफ और छात्र-छात्राओं विद्यालय परिसर में रोपित किया गया। वहीं सोनाखान वन परिक्षेत्र के विभागीय कर्मचारियों के सहयोग से फलदार, छायादार एवं आक्सीजन उत्सर्जित करने वाले 2000 पौधों का रोपण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वनमंडाधिकारी मयंक अग्रवाल के मार्ग दर्शन में सोनाखान वनपरिक्षेत्र में लगातार विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं कार्यालयों तथा विभागीय तौर पर लगातार पौधारोपण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा। लोगों का मानना है इस बार जो पौधे लगाये जा रहे उसमें भावनाएं जुड़ी हुई है। एक पेड़ मां के नाम इसलिए 80 से 90 प्रतिशत पौधों का रोपण सफल होने की संभावना है। वनपरिक्षेत्र अधिकारी सुनीत साहू ने बताया अगला पौधारोपण का काम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्वा है, जिसका परिसर लगभग 20 एकड़ का है, जहां विद्यालय के छात्रों के हाथों मां के नाम पौधारोपण किया जायेगा, जिससे उनकी भावनाएं जुड़ी रहे और विद्यार्थी रोपित पौधे को कक्षा 12वीं तक अपने हाथों से संवारते रहे, तब तक 3-4 वर्षों में वह पौधा पेड़ का रूप धारण कर सके।



## पेज 09 के शेष

### क्षेत्र के निजी....

ड्रेस शुल्क स्कूल को दिया जाता है, परंतु कई स्कूलों द्वारा आरटीई के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिलता। निजी प्रकाशन किताबों के बदले मोटी कमीशन देता है। इसमें स्कूलों का भी बड़ा हिस्सा शामिल रहता है। स्कूलों द्वारा तय निजी प्रकाशकों की किताबें के साथ सहभागिता कर मोटी रकम में बेचा जाता है।

### बृजमोहन की जीत...

समारोह के दौरान सांसद का स्वागत किये जाने हेतु आमंत्रित करने में भेदभाव करने का आरोप एक सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं भाजपा नेता द्वारा लगाया गया है।

### आगजनी और ...

आरोपी मोहन बंजारे जो कि शासकीय शाला में शिक्षक है, नगर में घटित संपूर्ण घटना का मुख्य साजिशकर्ता एवं रणनीतिकार है। मोहन बंजारे ने संपूर्ण धरना प्रदर्शन आंदोलन में मंच संचालक का काम किया तथा धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाकर एक आदतन साजिशकर्ता की भांति दीगर जिलों से लोगों को बलौदाबाजार धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाकर, भड़काते हुए अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए तैयार किया था। साथ ही मंच संचालक के रूप में उत्तेजित एवं भड़काऊ भाषण देने वाले लोगों को मंच में बुलाकर, धरना प्रदर्शन में आए लोगों को उत्तेजित एवं भड़काने का काम किया था।

### आवारा मवेशियों की...

चौक में मवेशियों का जमावाड़ा लगा रहता है। मुख्य मार्ग में मवेशियों के बैठे रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवारा एवं पालतु पशुओं के मालिकों द्वारा लापरवाही बरतते हुए जानवरों को खुले में छोड़ दिये जाने व देख–रेख नहीं करने के कारण मवेशी मुख्य मार्ग में बैठ जाते हैं, जिसके कारण समय–समय पर आम नागरिकों को परेशानी होती है।

नगर पालिका द्वारा निरंतर अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़नें की कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप द्वारा उपलब्ध टीम को निर्देश दिया गया है कि कांजी हाऊस में समुचित व्यवस्था देखने के साथ ही मवेशियों को रखा जाये व समय पर चारा एवं पानी के लिए अलग से कर्मचारी की व्यवस्था मवेशी बाजार स्थित कांजी हाऊस में की गई है। नगर में आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान में दो पाली में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नगर पालिका द्वारा सघन रूप से कार्रवाई करते हुए पालतु एवं आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान में कृष्णकांत कुर्रे, रामनरेश मतावले सहित हितेश वर्मा, अश्वनी तिवारी, नरसिंग यादव, लोकेश निर्मलकर, शिव यादव, चेतन साहू, सुनील यादव, सालिक राम वर्मा, राजा राम निषाद, दीपक कुमार, श्याम कुमार, अरूण नायक, प्रताप मरैया द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# मिडिल स्कूल में बाल कैबिनेट गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, खेल मंत्री, के साथ अन्य आठ महत्वपूर्ण विभिन्न पदों पर विद्यार्थियों का चयन कर मनोनीत किया गया। इसी कड़ी में नवापारा स्कूल में कक्षा आठवीं से कविता प्रधानमंत्री, शालिनी सप्रे शिक्षा मंत्री, रूपाली वर्मा कानून व सुरक्षा मंत्री, साक्षी निषाद कृषि उद्योग मंत्री, डिगेश्वर घृतलहरे पर्यावरण मंत्री, भूपेंद्र देवांगन वित्त मंत्री और कक्षा छठवीं से उदित नारायण स्वास्थ्य व स्वच्छता मंत्री को प्रभार दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में एक एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक सत्येंद्र चौबे ने बाल कैबिनेट का महत्व और उसके कार्य को बताया।

वहीं प्रधान पाठक देवकी राय व शिक्षिका वर्षा जैन ने संयुक्त रूप से सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्था प्रमुख गणेशराम घीतकर, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, महेश शुक्ला, ठाकुर राम साहू, अजय वर्मा, व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# धनसीर, देवसागर और गोपालपुर में आज लगेगा राजस्व शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग में 16 जुलाई को धनसीर, देवसागर और गोपालपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत धनसीर के शिविर में खैरझिटी, छुईहा, जोगीडीपा, टेंगनाकछार, धनसीर, धौराभाठा के ग्रामीण और भटगांव तहसील के ग्राम देवसागर के शिविर में ग्राम सेमराडीह, देवसागर, नोहरपाली, दुल्लापुर, झुमरपाली, टेडीभदरा, डोंगियाभाठा, गगोरीटाडा के नागरिक तथा सरसींवा तहसील के गोपालपुर के शिविर में ग्राम भिनोदी, भिनोदा, सेमरिया, मुच्छमल्दा, शीतलपुर, खम्हरिया, गोपालपुर, धौराभाठा, साजापाली के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा, उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होंगे।

## खबर संक्षेप

### बम्हनी में गंगा आरती समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव प्रांगण में 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे गंगा आरती व बोल बम समिति की बैठक रखी गई है। जिसमें सावन माह में होने वाले गंगा आरती के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। समिति के खिलावन यादव, भुवन साहू, रामेश्वर पांडेय, दिनेश यादव ने सभी सदस्यों व श्रद्धालुओं से बैठक में उपस्थिति की अपील की है। 22 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। यहां प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा तक श्वेतगंगा कुंड में गंगा आरती किया जा रहा है।

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन करने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ईश्वर सिंह हरदव पिता आनंद राम (65 साल) हाल मुकाम तुरेंगा ने 18 फरवरी को जहर सेवन कर लिया था, जिसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सांप के काटने से बच्चे की मौत

**महासमंद।** सरायपाली में सांप के काटने से एक 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मयंक चौहान पिता भानुप्रताप (6 साल) निवासी ग्राम पोटापारा को रविवार को सांप ने काट लिया। जिसे शासकीय अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** ग्राम ढांक में एक युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पटेवा पुलिस ने बताया कि पवन यादव पिता कुंजी यादव (25 साल) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### निधन

#### अंजनी नायक



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी 79 वर्षीय अंजनी नायक का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम गौंटिया तालाब में किया गया। अंतिम संस्कार में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। वे अशोक नायक, बिष्णु नायक, सरोज नायक की माता एवं दुर्गेश नायक, मोनू नायक, पिंकी नायक की दादी थीं।

#### मालू बाई गाजर्लवार



**सिमगा।** स्थानीय निवासी 73 वर्षीय मालू बाई गाजर्लवार का सोमवार को निधन हो गया। उनकी शव यात्रा मंगलवार को दोपहर 3 बजे न्यू शांति नगर से निकली जाएगी। रायपुर के मारवाड़ी शमशान घाट में अंतिम संस्कार होगा। वह यशवंत गाजर्लवार की पत्नी व अंकलेश गाजर्लवार की माता थीं।

# मिडिल के भवन में संचालित हो रहा धनगांव का हाईस्कूल

## एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रही दो कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकासखण्ड बिलाईगढ़ के अन्तर्गत शासकीय हाई स्कूल धनगांव में आज से सात वर्ष पूर्व शासन के आदेशानुसार स्कूल संचालित हो रही है, लेकिन अब तक यहां भवन निर्माण नहीं हुआ है, इस कारण मिडिल स्कूल के भवन में हाई स्कूल संचालित हो रही है। जगह के अभाव के कारण दो पालियों में कक्षाएं लगाई जा रही है। उक्त हाई स्कूल में शिक्षकों के अभाव होने के कारण एक शिक्षक के भरोसे दो कक्षाएं संचालित हो रही है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है, कि यहां पढ़ाई का स्तर कैसे होगा? जानकारी के अनुसार पता चला है कि क्षेत्र के माध्यमिक शाला खम्हरिया में शिक्षक के पद रिक्त है एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में पेयजल की विकराल समस्या है। शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में भवन, शौचालय, बाथरूम का अभाव है।

अनेक समस्या देखने एवं सुनने के मिल रही है। अतः छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में भवन निर्माण एवं शिक्षक के रिक्त पद की पूर्ति की जाए, ताकि पढ़ाई के स्तर में सुधार हो सके।



### भवन जर्जर, बाथरूम व शौचालय तक ठीक नहीं

पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा में भवन जर्जर हो चुका है, जो खतरा का संकेत दे रहा है, जिसमें पानी टपक रहा हैं, जो उपयोगी लायक नहीं है। बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कन्या शाला धोबनी में भवन जर्जर हो चुका है, जो उपयोगी लायक नहीं है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोबनी में शिक्षक की कमी है। ज्ञात हो कि सरकार प्रत्येक वर्ष शिक्षा विभाग के लिए करोड़ों रुपये का बजट सदन में पास करती है, उसके बाद भी ग्रामीण अंचल के स्कूल समस्याओं का रोना रो रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं का बढ़ाया मान-सम्मान : बृजमोहन

*मतदाता अभिनंदन-सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल टंकराम वर्मा और शिवरतन शर्मा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा





भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन गोदड़ी धाम में किया। इसमें विधानसभा के तहत आने वाले चारों मंडलों के मतदाताओं का पार्टी गमछा पहना कर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में कहा कि, आप सभी के सहयोग, आशीर्वाद और परिश्रम से ही देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश के हर एक वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नारियों का सम्मान बढ़ाते हुए राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वल गैस के साथ महतारी वंदन के तहत एक हजार महिलाओं के खाते में देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा विधानसभा में जितने भी विकास कार्य हुए है सभी भाजपा सरकार द्वारा ही हुए हैं, अभी केवल 7 माह की अवधी में ही विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा करोड़ों के कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें 2017-18 में मोपका महाविद्यालय हुई स्वीकृति के लिए पूरे पांच वर्षों में कांग्रेस द्वारा भवन स्वीकृत नहीं किया गया था, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। लगभग 4 करोड़ 78 लाख की लागत से भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा। इसी तरह सिमगा में लगभग 7 करोड़ एवं भाटापारा में लगभग 9 करोड़ की राशि से न्यायालय भवन की स्वीकृति मिल गई है। 13 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य प्रारंभ है। भारतीय जनता पार्टी ने ही भाटापारा में हर विकास कार्य करवाये है।

कार्यक्रम को अशोक बजाज एवं लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया। अशोक बजाज ने मतदाताओं का आभार मानते हुए कार्यकर्ता के परिश्रम से प्रदेश में विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिलने की बात कही। इसके साथ ही आने वाले नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा को जीत दिलवाने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया।

लक्ष्मी वर्मा ने जनता-जनार्दन को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त कर कहा कि, यह राष्ट्र के निर्माण और भविष्य का चुनाव था, जिसमें आप सभी के अथक परिश्रम से ही तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है।

### पौधारोपण किया गया

कार्यक्रम में एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व सभी सामाज द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, सुनील यद्दु, आशिस जायसवाल, आनंद अग्रवाल, महाबल बघेल, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष- महामंत्री, सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, मतदाता, युवा, महिला, प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मतदाताओं के आशीर्वाद से प्रदेश में आयी खुशहाली

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, आप सभी के परिश्रम और मतदाताओं के आशीर्वाद से देश, प्रदेश में खुशहाली आई है। गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए सीएम विष्णुदेव साय सरकार ने विभिन्न योजनाएं संचालित की है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है।

# मुख्य बाजार में शौचालयों का अभाव, महिलाएं व बुजुर्ग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के मुख्य बाज़ार सदर बाजार में एक भी सुलभ शौचालय या मूत्रालय नहीं होने से यहां आने वाले हर वर्ग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार का केंद्र कहे जाने वाला भाटापारा का सदर बाजार में जहां सामान तो सही दाम पर मिल रहा है, परंतु शौचालय खोजने पर भी यहां नहीं मिलेगा। ऐसे में आम जनता सहित बाजार के व्यापारी, दुकानदार भी खुले में शौच करने मजबूर हो रहे हैं।

विदित हो की भाटापारा का बाजार क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार हैं। ऐसे में यहां कम से कम मूत्रालयों की अत्यंत आवश्यकता हैं, जिससे महिलाएं एवं बुजुर्गों को हो रही इस परेशानी से निजाद मिल सकें।

### मौजूदा शौचालयों की स्थिति

वर्तमान में बाजार के आस पास तीन शौचालय हैं, जिसमे से दो बाजार के बाहर स्थित है। इसमें रेलवे स्टेशन बाजार गेट, हटरी बाजार रेलवे लाइन से लगा और बस स्टैंड के पास है।वहीं बाजार के अंदर एक ही शौचालय हैं, जो हटरी बाजार के अंदर रेलवे लाइन किनारे स्थित हैं। यहां महिलाएं तो दूर पुरुष भी नहीं जाते। शौचालय के सामने कूड़े का अंबार है। वहीं आस पास नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता हैं। यहां की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि शौचालय होते हुए भी लोग शौचालय का उपयोग न करते हुए उसके आस पास ही शौच करते हैं।

# बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ता परेशान

## दिन-रात हो रही कटौती



**भवानीपुर।** अंचल में लगातार उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। वहीं भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में गांवों में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में जहरीले सांप बिच्छू कीड़े आदि जमीन पर नमी और गर्मी के कारण बाहर आते रहते हैं, जिसके कारण हमेशा खतरा बना रहता है। ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। लोगों का कहना है कि रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात में अगर लाइट आ भी जाए तो लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे–छोटे बच्चों बुजुर्गों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय–सारिणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। इस साल क्षेत्र में कम बारिश होने के कारण किसान बिजली के भरोसे ही है, लेकिन लो वोल्टेज और बिजली की कटौती ने किसानों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ा दी है, बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है।

# बिजली कटौती ने बढ़ायी किसानों की मुसीबत

**खरोरा।** मानसून की बेरुखी और बिजली कटौती ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिन किसानों के पास स्वयं के मोटर पंप है, किसान अटल ज्योति योजना के तहत मोटर पंप शाम 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक चलाते है, लेकिन विद्युत कटौती के कारण किसान परेशान है। राजू शर्मा ने कहा कि अटल ज्योति योजना के तहत विद्युत कटौती तत्काल बंद किया जाए और किसानों को विद्युत पंप के माध्यम से 24 घंटा पानी की व्यवस्था की जाए। जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने रायपुर कलेक्टर एवं विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी को इस आशाय का पत्र सौंपा है। आषाढ़ में जलाशय और नदियों में पानी मात्र तीन से चार फीट तक है।



# आवारा मवेशी खेतों में धान थराह-रोपा कर रहे चट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

■ अपनी-अपनी फसलों को बचाने किसान एक-दूसरे के खेतों की ओर भगा रहे, हो रहा विवाद



अंचल में बारिश की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे किसानों को रविवार शाम हुई बारिश से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन किसानों की चिंता कम नहीं हुई है। बारिश के बाद अब खेतों में आवारा पशुओं ने डेरा डाल रखा है। इतनी ज्यादा मात्रा में मवेशी कहां से आए हैं,किसी को कुछ पता नहीं है। मवेशियों के कारण आस पास के गांव वाले एक दूसरे से आपस में भीड़ रहे हैं। एक खेत से दूसरे खेत अपने खेत के रखरखाव के लिए मवेशियों को इधर से उधर भाग रहे हैं, जिसके कारण विवाद की स्थिति खड़ी होती है। कुछ दिन तक तो मवेशी रोड पर ही दिख रहे थे, लेकिन अब खेत खलियानों में भी भारी मात्रा में नजर आने लगे हैं, जिसके कारण खेत में धान के फसलों को नुकसान हो रहा हैं। इसके लिए अभी तक शासन-प्रशासन द्वारा किसान के हित के लिए कुछ ठोस कदम नहीं उठाया है। अगर खेतों में स्थिति इस प्रकार बनी रही तो किसान को ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए कलेक्टर

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर ने सोमवार को जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, संपत्ति बंटवारा, पेंशन, बी-1 नकल, आधार कार्ड संशोधन, मुआवजा सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारी को निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण कर मुझे सूचित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने हितग्राहियों की फरियाद को ध्यान से सुनते हुए विस्तार से कारण पूछा एवं कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# आंबा केंद्र में लगाए गए फलदार-छायादार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश में चलाए जा रहे अभिनव अभियान एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत मेन रोड स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला के समीप आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना है।

जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण के साथ–साथ पर्याप्त मात्रा पानी की उपलब्धता सुरक्षित हो सके। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयास है, जिससे जल संरक्षण में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा सके। धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए अभिनव पहल करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है।

हमें भी इस अभियान का हिस्सा बनते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कर इसके रखरखाव की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री वर्मा, शाला प्रबंधन विकास समिति के पूर्व उपाध्यक्ष सुमेर वर्मा, महेश्वर रजक, हरिशंकर साहू, साधू वर्मा, पुष्पा फेकर, गीता वर्मा, टेश बाई वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 तक

■ योजना का लाभ ऋणी और अऋणी किसानों को भी मिलेगा

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार बलौदाबाजार–भाटापारा जिला के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वे अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराकर अधिक से अधिक योजना का लाभ लें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा नजदीकी बैंक शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

विदित हो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों को इस बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सकें। छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित तथा अन्य फसल मक्का, उड़द, कुटकी इत्यादि फसलों का बीमा करा सकते हैं।

## बूंदाबांदी और तेज धूप से किसान चिंतित

# बगैर बारिश के गुजर रहा आषाढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आषाढ़ गुजरने में अब हफ्ते भर का समय शेष है। खरीफ फसलों के लिए अभी तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है। आषाढ़ में किसानों को झमाझम बारिश की आश रहती है, ताकि कृषि कार्य सुविधाजनक हो सके। क्षेत्र में अल्प और खंड वर्षा के कारण संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश में कमी और तापमान अधिक होने से धान के पौधे झुलस कर पीले पड़ने लगे हैं। किसानों को धान रोपाई के बाद भी खेतों में नमी बनाए रखने में खासा परेशानी होने लगी है।

दूसरी ओर जल स्तर में कमी, लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से बोर भी जवाब देने लगे हैं। बारिश कम होने के बाद खेतों में दरारे आने लगी है। यही स्थिति कुछ दिन और रही तो खरीफ फसल उपज पर गहरा प्रभाव पड़ने की आशंका है।



### फसल बीमा शुरू

किसानों की फसल को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब तक काफी कारगर साबित हुई है। इस सप्ताह से बीमा के फार्म जमा होना शुरू हो गया है। पंजीकृत किसान सोसायटी या आनलाइन निर्धारित दस्तावेज के साथ फार्म जमा कर सकते हैं। कृषि अधिकारी ने मौसम को देखते हुए सभी किसानों को फसल बीमा करवाने की अपील की है।

### टमाटर की खेती पिछड़ी

क्षेत्र के एक बड़े रकबा में किसान टमाटर की खेती करते हैं। बारिश की कमी और मौसम गर्म होने से टमाटर के पौधे खेतों में नहीं लग पा रहा है। किसानों ने बताया कि आषाढ़ माह में 80 फीसदी बोनी की जाती थी, किंतु अब तक लगभग तीस फीसदी बोआई हो पाई है। किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से खेतों से नमी गायब है। तापमान अधिक होने से पौधे झुलस रहे हैं तथा बढ़वार नहीं हो पा रहा है। टमाटर की नर्सरी में पौधा तैयार हो चुके हैं। मौसम के अनुकुल होते ही रोपण तेजी से होने लगेगा।